समाचार

# विधायक मद से बुधवारी में बनेगा मंच, चबूतरा

## (राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने किया कार्य हेतु भूमिपूजन)




कोरबा 23 अगस्त 2020 –राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के विधायक मद से बुधवारी में मंच व चबूतरा का निर्माण किया जाएगा। राजस्व व आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने उक्त निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया, इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी सहित एम.आई.सी. सदस्यगण, पार्षदगण उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 21 बुधवारी में विधायक मद से स्वीकृत 04 लाख 03 हजार रूपये की लागत से मंच एवं चबूतरा का निर्माण कार्य किया जाना हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने शनिवार को उक्त विकास कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होने पूजा अर्चना व शिलान्यास पट्टिका का अनावरण कर कार्य का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि यहां के निवासियों की मांग एवं उनकी आवश्यकता को देखते हुए विधायक मद से मंच व चबूतरा का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होने कहा कि क्षेत्र की जनता की विकास संबंधी आवश्यकताएं पूरी हों, उनकी समस्याओं का निराकरण तुरंत किया जाए, यह मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रहती है। इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि निगम क्षेत्र के विकास के लिए राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल का सतत मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है, जिसके लिए मैं उनके प्रति हृदय से आभारी हूॅ। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने करोड़ों रूपये के बड़े–बड़े विकास कार्यो की स्वीकृति दिलाने के साथ–साथ अपनी विधायकनिधि से निगम के लगभग हर क्षेत्र में विकास कार्यो को स्वीकृति दी है, जो विकास के प्रति आमनागरिकों की समस्याओं के प्रति उनकी गहरी संवेदनशीलता को दर्शाता है, हमें गर्व है कि हम सबको राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल जैसा मार्गदर्शक एवं नेतृत्व प्राप्त हुआ है।

भूमिपूजन अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव व पार्षद सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, पालूराम साहू, सुखसागर निर्मलकर, प्रदीप जायसवाल, सूरती कुलदीप, कृपाराम साहू, रोपा तिर्की, पार्षद संतोष लांझेकर, दिनेश सोनी, अनुज जायसवाल, शाहिद कुजूर, मस्तुल सिंह कंवर, अजय कुमार गोंड़, जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सत्येन्द्र वासन, जिला पंचायत के पूर्व

उपाध्यक्ष अजय जायसवाल, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल, मुकेश राठौर, मनकराम साहू, देवीदयाल सोनी, राकेश सारथी, एस.मूर्ति, संजय साह, आनंद पालीवाल, राहुल यादव, बंटी शर्मा, पीयूष पाण्डेय, प्रभात डडसेना, अरूण यादव, रवि पी.सिंह, दिलसाद अली, गिरधारी लाल साहू आदि के साथ अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।